बिहार सरकार

समाहरणालय, रोहतास (सासाराम)

(जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

—: छात्रावास में नामांकन हेतु विज्ञापन :—

विभागीय निदेशानुसार, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास मोकर, सासाराम एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास डिहरी में छात्र/छात्राओं को आवासन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रोहतास जिले में स्थापित छात्रावासों में रिक्ति की विवरणी निम्नवत् है :—

क्र0 सं0	छात्रावास का नाम	कोटि	आवासन क्षमता	रिक्त स्थानों की संख्या	
				EBC	BC
1	अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास मोकर, सासाराम।	अन्य पिछड़ा वर्ग (छात्रों के लिए)	100	20	09
2	जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास डिहरी, रोहतास।	अति पिछड़ा वर्ग (छात्राओं के लिए)	100	28	0

उक्त छात्रावासों में उनके आवासन क्षमता एवं रिक्त स्थानों के विरुद्ध नामांकन हेतु आवेदन **दिनांक—15.06.2026 से 15.07.2026 तक** विभागीय वेबसाईट ***https://bcebconline.bihar.gov.in*** पर ऑनलाईन किया जायेगा। विशेष जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय रोहतास सासाराम में प्रत्येक कार्य दिवस को **02:00** बजे अपराह्न से **05:00** बजे अपराह्न तक सम्पर्क कर सकते हैं।

नामांकन की शर्त्ते :—

1. आवेदक पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्रा हों।
2. आवेदक बिहार राज्य के निवासी हो।
3. आवेदक रोहतास जिला में स्थित किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
4. अर्हता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्र को प्राथमिकता दी जायेगी एवं समान प्राप्तांक होने की स्थिति में निम्न आय वाले अभिभावक के बच्चों को प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन की प्रक्रिया :—

5. ऑनलाईन आवेदन पत्र के सभी कॉलम सही सही भरे होने चाहिए।
6. आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।

(i) आवेदक का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर।

(ii) आवेदक का जाति, निवास, एवं आय प्रमाण—पत्र की छायाप्रति।

(iii) रोहतास जिला स्थित शिक्षण संस्थानों में नामांकन का साक्ष्य।

(iv) आधार कार्ड की छायाप्रति।

(v) विगत परीक्षा के अंक पत्र की छायाप्रति।

(vi) बैंक पास बुक की छायाप्रति (खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित)।

(vii) अध्ययनरत् संस्थान के प्राचार्य द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत Fowarding Letter ।

(viii) चरित्र प्रमाण—पत्र की प्रति।

(ix) छात्रावास में अनुशासन पालन संबंधी स्वंय द्वारा दिया गया शपथ पत्र।

(x) माता पिता/अभिभावक द्वारा विहित प्रपत्र में हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण पदाधिकारी रोहतास, सासाराम।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 005646 (District) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।